तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 सरदा में स्टील प्लांट का विरोध...



10 प्रदेश के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट ...



## खबर संक्षेप



### थान खम्हरिया में एक दिवसीय श्री रामध्वज यात्रा की हुई शुरुआत

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज दंडी स्वामी सलधा के सानिध्य में मानस संगठन साजा ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू एवं श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति संयोजक अनिल सिंघानिया, सुरेश साहू ,श्रवण साहू द्वारा चरण पादुका पूजन कर शॉल-श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। उसके बाद महाराज ने भगवाध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। उसके बाद ग्राम जेवरा से नवागांव कला ,टिपनी ,थान खम्हरिया , में भारत माता चौक, मुरारका चौक, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत उमा राजेश ठाकुर के निवास के सामने पूजा आरती की गई। गोल बाजार में सुरेश सिंघानिया , शिव केडिया , शिवेंद्र बिंदल, नरसिंग केडिया , पुरुषोत्तम अग्रवाल , टीकम अग्रवाल, राहुल छाबड़ा, अतुल सिंघानिया, रमेश जैन, उज्जु सिंघानिया , नारायण सिंघानिया , नितेश अग्रवाल, मनीष सेन पार्षद, टोबू भी सिंघानिया, ढाल सिंह राजपूत , गिरीश शर्मा , रौनक मुरारका, कालू मुरारका, मां भारती सेवा समिति अर्चना शर्मा ,पवन मुरारका, मनीष क्षत्रिय, विनीत शर्मा, धनराज सोनी ने पूजा-आरती कर स्वागत किया।

### युवकों की पिटाई मामला दर्ज

**बालोद।** रात में काम कर रहे पांच दोस्तों की कुछ लड़कों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। मारपीट की घटना के बाद देवतराई निवासी गजेंद्र कुमार ने जवाहर पारा निवासी हर्ष ताम्रकार और उनके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। प्रार्थी गजेंद्र ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे ग्राम देउरतराई में अपने साथी धर्मांशु चुरेन्द्र, विकास ठाकुर, वेदांत ठाकुर एवं सौरभ सभी मिलकर संतोष टेन्ट हाऊस वाले के घर पर साऊंड बाक्स को वाहन में लोड कर रहे थे। रात को कुछ लड़के वहां पर आये और गाली गलौज करते हुए हम पांचों को डण्डे से जोर– जोर से मारने लगे। अचानक हुए

## थानखम्हरिया क्षेत्र में साजा रोड स्थित ग्राम गुवारा के पास हुई दुर्घटना

# हाईवा की चपेट में आई मोटरसाइकिल, दो सगे भाइयों की मौत, माता-पिता गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

**खास बातें**

- दो मासूमों की मौत से नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित सतनामी मोहल्ले में शोक की लहर
- प्राथमिक उपचार के बाद कवर्धा रेफर किए गए घायल पति-पत्नी

जिले की थानखम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो मासूम सगे भाइयों की मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में घायल मृतकों के माता-पिता को प्राथमिक इलाज के बाद कवर्धा रेफर कर दिया गया है। इस घटना से नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित सतनामी मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

उधर, घटना की खबर मिलते ही डीएसपी कौशल्या साहू, एसडीएम रघुबीर रात्रे, तहसीलदार प्रकाश यादव, नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू तथा थाना प्रभारी राकेश साहू घटना स्थल पहुंचे। इस बीच पोस्टमार्टम के बाद उचित मुआवजे को लेकर परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया था। वहीं, मोहल्लेवासी भी शवागार के पास मुआवजा देने की मांग करते रहे। इस दौरान अधिकारियों की समझाइश के बाद एसडीएम ने पीड़ित के परिजनों को 20 हजार की नकद मुआवजा राशि प्रदान की, तब जाकर परिजनों को शव सौंपा गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 निवासी अनिल दिवाकर अपनी पत्नी चांदनी दिवाकर तथा दो बच्चों युयांश व क्रियांश के साथ पारिवारिक काम से मोटरसाइकिल से ग्राम केशडबरी जा रहे थे। इसी दौरान साजा रोड स्थित ग्राम गुवारा के पास हाईवा चालक की लापरवाही से मोटरसाइकिल सवार चपेट में आ गए। इससे दो सगे भाई युयांश दिवाकर पिता अनिल दिवाकर उम्र 3 वर्ष तथा क्रियांश पिता अनिल दिवाकर उम्र 2 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, अनिल दिवाकर उम्र 36 वर्ष तथा उनकी पत्नी चांदनी बाई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया।





### हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

इस बीच किसी ने घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी राकेश साहू दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने मृतक बच्चों के शवों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कवर्धा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हाईवा चालक के विरूद्ध 304 (ए) के तहत अपराध पंजीबध्द किया है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व अखबार में शवागार के संबंध में खबर प्रकाशन के बाद पहली बार वहां पोस्टमार्टम किया गया। साजा से स्वीपर तथा इंस्ट्रूमेंट की सुविधा ब्लाक चिकित्सा अधिकारी साजा द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# हैवानियत : 7 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/दाढ़ी

जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 7 साल की बच्ची के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बच्ची गांव की गली में खेल रही थी। तभी गांव के युवक की नजर उस पर पड़ी। वह उसे खाने के सामान का लालच देकर अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। बलात्कार के बाद उसने बच्ची को इस बारे में किसी से कुछ नहीं कहने को लेकर धमकाया। डरी सहमी बच्ची घर पहुंची और आपबीती बताई। इस मामले में बच्ची के पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।



पुलिस के अनुसार घटना सोमवार शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है। घर के लोग कामकाज में व्यस्त थे। बच्चे गली में खेल रहे थे। तभी आरोपी जगमोहन माथुर उम्र 35 वर्ष की नजर खेल रही 9 साल की बच्ची पर पड़ी। पहले तो उसने बच्ची को खाने के सामान का लालच देकर अपने सुनसान घर में बुलाया। बच्ची जैसे ही उसके घर आई वह उससे दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। इस पर जब बच्ची ने इसका विरोध किया तो उसने उसे कई थप्पड़ मारे और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### बच्ची ने घर पहुंचकर बताई आपबीती

दुष्कर्म के बाद युवक ने बच्ची को धमकाया कि किसी को कुछ बोलोगी तो बहुत मारूंगा। बच्ची डरी सहमी जब घर पहुंची, तो परिजनों ने उसकी हालत देख पूछा कि क्या हुआ। उसके बाद बच्ची ने रोते हुए आप बीती बताई तो परिजन दंग रह गए। उधर, जानकारी के मुताबिक आरोपी जगमोहन की पत्नी पिछले 5 सालों से मायके में रह रही है। आरोपी गांव के घर में अकेला ही रहता है। जगमोहन नशे का आदी था। इसलिए अंदेशा लगाया जा रहा है कि वह घटना के दिन भी नशे में था।

### आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

दाढ़ी थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 ए व बी तथा पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

# घर घुसकर महिलाओं सहित परिजनों से मारपीट, मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर में इन दिनों बगैर लायसेंसी लोगों द्वारा सूद पर राशि देने का काम जोर-शोर से चल रहा है। वहीं, इसके कारण आए दिन राशि लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर हमेशा

- नगर पंचायत थानखम्हरिया में सामने आया सूदखोरी का मामला

विवाद थाने पहुँचता रहा है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्र.14 में सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कुछ महिला व पुरूष लाठी डंडा से लैस होकर रामाधार सिन्हा के घर सूद की रकम वसूली करने पहुंच गए। वहां पहुँचकर महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट की। अचानक हुए हमले से परिजन स्तब्ध रह गए। वहीं, बीच बचाव करने वालों पर भी लाठी डंडे से वार किया। इस मामले में पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर दिया।



गौरतलब है कि नगर के विभिन्न इलाकों में ब्याज बट्टे का कारोबार बखूबी फलफूल रहा है। ऊंची ब्याज वसूली के कारण अनेक परिवार बरबाद हो गए हैं, फिर पुलिस उन बड़ी कार्रवाई करने से हिचकती रही है। इस बीच बुधवार सुबह सात बजे करीब वार्ड 13 निवासी बुधारू मेहर अपने ब्याज पर दी राशि वसूलने परिजनों को लेकर वार्ड क्र 14 निवासी रामाधार सिन्हा पिता लाला सिन्हा के यहाँ ▶▶| शेष पेज 11 पर

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 को

- व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा दो पालियों में ली जाएगी परीक्षा

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 से दोपहर 12:15 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 से 04:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में बेमेतरा जिला अंतर्गत प्रथम पाली में 4707 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 6460 परीक्षार्थी इस प्रकार कुल 11167 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। इनमें शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक उच्च माध्य. विद्यालय बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, एलॉन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा , स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जुआ खेलते 8 पकड़ाए, 19 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लाक के ग्राम बेरलाकला स्थित खारुन नदी के पास जुआ खेलते 8 जुआरियों को सायबर सेल व कंडरका चौकी पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए पकड़ा। जुआ अड्डे से पुलिस ने 18 हजार 870 रुपए सहित तास पत्ती जब्त किया है।

आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट का मामला दर्ज किया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेरलाकला के खारून नदी के पास में रूपये पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबीर सूचना पर चौकी स्टाफ एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम रवाना होकर ग्राम बेरलाकला खारून नदी के पास जाकर मौके पर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान कुछ जुआरी पुलिस को देखकर भाग गए। वहीं, मौके पर जुआ खेलते हुए अरूण कुमार साहू पिता पुनु राम साहू उम्र 36 वर्ष ग्राम बाना थाना उरला जिला रायपुर, समद खान पिता जुबैर खान उम्र 25 वर्ष बेरलाकला, चौकी कंडरका, जितेन्द्र निषाद पिता बिशेषर निषाद उम्र 32 वर्ष आमदी थाना अभनपुर जिला रायपुर ,ललित कुमार साहू पिता नेहरू लाल साहू उम्र 21 वर्ष उरला थाना भिलाई 03 जिला दुर्ग,ठाकुर राम निषाद पिता अवध निषाद उम्र 28 वर्ष बेरलाकला, चौकी कंडरका, फिरोज खान पिता सैय्यद अख्तर उम्र 45 वर्ष संजय नगर रायपुर थाना टीकरापारा , राजकुमार निषाद पिता दुकलहा निषाद उम्र 30 वर्ष कारा थाना उरला जिला रायपुर, खिलेश निषाद पिता बोधी राम निषाद उम्र 33 वर्ष बेरलाकला, चौकी कंडरका, थाना बेरला रंगे हाथ पकड़े गए। उक्त कार्रवाई में सायबर सेल व चौकी प्रभारी कंडरका मयंक मिश्रा, सउनि तुलाराम देशमुख, प्र.आर. लोकेश राजपूत, विनोद पात्रे, आरक्षक इंद्रजीत पांण्डेय, संजय पाटिल, मोतीलाल जायसवाल, सौरभ सिंह, राजेश ध्रुव शामिल रहे।






## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :- NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**पासपोर्ट साइज फोटो**

महोदय,

.................................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम.................................
2. पिता/पति का नाम.................................
3. जन्म तिथि अंकों में.................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग .................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित.................................

1. मो.......................2. मो.......................व्हाट्सएप नंबर.......................

6. शैक्षणिक योग्यता,.................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद महाविद्यालय में योग उत्सव का दौर



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा योग उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौर में महाविद्यालय के प्राचार्य डी. जीआर चतुर्वेदी के निर्देश पर वृत्त विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनीता शर्मा, रीडर डॉक्टर सस्मिता त्रिपाठी, व्याख्याता डॉक्टर विभा पाली और योग चिकित्सक डॉक्टर सुनीता जैन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के दौर में स्लोगन, स्पीच स्पर्धा के बाद सेंट्रल लाइब्रेरी के पास स्थित कला केंद्र में फ्लैश मोब एवं स्वयं के लिए एवं समाज के लिए योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। 20 जून को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में नारी सशक्तिकरण में योग का महत्व विषय पर व्याख्यान होगा। योग को बढ़ावा देने प्रतिदिन सुबह नालंदा परिसर, अनुपम उद्यान एवं शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से भी ज्यादा प्रतिभागी लाभ उठा रहे हैं।

### धोबी समाज के महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर



**रायपुर।** ईडन गार्डन रायगढ़ में आयोजित धोबी समाज के महाधिवेशन रजक महोत्सव की तैयारी में समाज के पदाधिकारी पूरी तरह से जुड़ गए हैं और पृथक-पृथक बैठक लेकर आयोजन के प्रति समाजजनों को जागृत कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया में भी समाचार प्रकाशित करा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया के सहमति के बाद राज्यसभा सदस्य सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी आमंत्रण स्वीकार कर सहमति प्रदान की है। राजधानी से सामाजिक बस में प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निवास दूधाधारी मठपारा से 19 जून को शाम 6 बजे से समाज के लोग रवाना होंगे, जिसको पार्षद मनोज वर्मा हरी झंडी दिखाएंगे। समाज के तैयारी अभियान में बालोद जिला गुरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, रायपुर जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर, चार राज नवपार के अध्यक्ष चोवाराम रजक सहित सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पृथक-पृथक बैठक लेकर के तैयारी अभियान चलाए हुए हैं।

### जाली में कचरा फंसा नाले की सफाई करवाई

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मंगलवार को रात्रि तेज बारिश होने के दौरान काली माता मन्दिर के सामने मार्ग पर पानी भरने की शिकायत मिली। इसे संज्ञान लेते हुए जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम के सफाई मित्र कर्मचारियों को नाली की जाली में फंसे हुए कचरे को हटवाया और नाली का चेम्बर साफ करवाकर निकास व्यवस्था को दुरुस्त कराया। चेंबर साफ होने के बाद सड़क पर भर रहा पानी नाली के जरिये निकल गया। जोन 4 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र देवांगन के साथ स्थल पर पहुंचे और सफाई मित्र की सहायता से नाली में जाम कचने को हटवाया। चेंबर की सफाई के बाद कालीमाता मंदिर के सामने सड़क भरा पानी नाली के जरिये निकल गया।

### जनसुनवाई तत्काल रद्द करने कलेक्टर को ज्ञापन

**रायपुर।** निजी कंपनी की जनसुनवाई रद्द कर उनकी जगह प्रभावित ग्राम पंचायत में ग्रामसभा कराए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष हुलास साहू ने कहा कि प्रभावित गांव वालों के हित में निर्णय नहीं लेने की स्थिति में और जनसुनवाई रद्द नहीं करने की स्थिति में सभी संगठनों द्वारा मिलकर सामूहिक आंदोलन किया जाएगा।

# राजकीय पशु वनभैंसा की जगह वन महकमा पाल रहा सफेद हाथी

## एक साल में दो राजकीय पशु खा गए 17 लाख का चारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नाम से परिलक्षित राज्य का राजकीय पशु वनभैंसा की शान छत्तीसगढ़ में अलग ही देखते बनती है। यही वजह है की राजकीय पशु की शान में कोई गुस्ताखी न हो इसके लिए वन विभाग ने असम से लाए गए पहले दो वनभैंसों को पौष्टिक आहार देने तथा स्वास्थ्य में महज एक साल के भीतर 17 लाख रुपए फूंक दिए। इसके बाद लाए गए चार अन्य वनभैंसों सहित छह के लिए 25 लाख रुपए खर्च कर दिए। असम से लाए गए वनभैंसा अब वन विभाग के लिए गले की हड्डी साबित हो रहे हैं। वर्ष 2020 में दो तथा वर्ष 2023 में लाए गए चार वनभैंसों की वन विभाग के अफसर अब तक ब्रीडिंग भी नहीं करा पाए हैं।

### नहीं करा सकते राज्य के वनभैंसों से ब्रीडिंग

असम से लाए गए वनभैंसों का उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के नर वनभैंसों के साथ ब्रीडिंग कराना था, लेकिन वहां के वनभैंसों के साथ असम के वनभैंसों का ब्रीडिंग करना संभव नहीं है। इसकी वजह यूएसटीआर के वनभैंसा क्रास ब्रीड के हैं। ऐसे में असम से लाए गए वनभैंसों का यूएसटीआर के वनभैंसों से ब्रीडिंग कराने से नस्ल खराब होगी। प्योर ब्रीड का एक छोटू नामक नर वनभैंसा है, वह भी अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव पर है।



### नहीं तो सभी एक ही पिता की संतान होंगे

असम से लाए गए वनभैंसों को बारनवापारा के जंगल में भी नहीं छोड़ा जा सकता। असम से जो वनभैंसा लाए गए हैं, उनमें एक नर है तथा शेष पांच मादा हैं। ऐसे में एक नर वनभैंसा का अन्य मादा वनभैंसों के साथ ब्रीडिंग होने की स्थिति में मादा वनभैंसों से जन्मे वनभैंसा एक ही पिता की संतान होंगे। इससे भी वनभैंसा की नस्ल खराब होने का अंदेशा है। उदंती-सीतानदी में छोड़े जाने की स्थिति में असम से लाए गए वनभैंसों की शुद्धता प्रभावित होगी।

ऐसे में वनभैंसा लाने को लेकर विभाग पर सवाल उठ रहे हैं।

असम से वनभैंसा लाने का विरोध करने वाले वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के मुताबिक असम से दो किस्त में जो वनभैंसा लाए गए हैं, उनमें नियमों की अनदेखी की गई है। असम से वनभैंसा लाने के बाद उनके रखरखाव तथा खान पान को लेकर वन्यजीव प्रेमी ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी हासिल करने के बाद वनभैंसों के खान-पान तथा रखरखाव में पिछले चार वर्षों के भीतर अब तक 17 तथा 25 लाख रुपए खर्च होने की जानकारी मिली है। वनभैंसों को चारा के रूप में घास, बीज रोपण, चना, खरी, पैरा कुट्टी, दलिया दिया जा रहा है।

## रायपुर नगर निगम में सबसे ज्यादा 5 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी

# प्रदेश के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद हो गये हैं। निकाय से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में हर महीने वेतन का भुगतान करने और 10 से 15 साल की सेवाकाल के बाद स्थायीकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों ने राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कराया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे, महासचिव शरदराम पोया ने संयुक्त रूप से कहा है कि दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव होना है। ऐसे में प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारियों को उम्मीद है कि राज्य सरकार उनकी 2 सूत्रीय लंबित मांग पूरा करेगी। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

- निकाय चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी
- निकाय से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान की मांग

### पूर्व में अनियमित कर्मचारियों की मांग के लिए पिंगुवा कमेटी

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यकाल में प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर मनोज पिंगुवा कमेटी गठित की गई, पर आज तक इसकी जांच रिपोर्ट ठंडे बस्ते में है। ऐसे में नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को नई सरकार से लंबित मांग पूरा करने काफी उम्मीद है। विदित हो प्रदेश के 14 नगरीय निकायों में 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्लेसमेंट कर्मचारी रायपुर नगर निगम में हैं, जहां इनकी संख्या 5 हजार है।



नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी 2 सूत्रीय लंबित मांग को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन कर्मचारियों का कहना है, एक अरसे से वे नगरीय निकाय में प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में नियमित कर्मचारी की तरह शासन की विभिन्न योजनाओं का सुचारू निष्पादन का काम पूरी ईमानदारी से करते आ रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है। अपनी लंबित मांग को लेकर वे मुख्य सचिव और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। और शासन से पत्राचार भी किया है। पर अब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई। राज्य शासन ने पूर्व में निहारिक बारिक की अध्यक्षता में 13 मार्च 2024 को समिति का गठन भी किया।

कमेटी को लंबित मांग पर विचार कर शासन को अपनी रिपोर्ट देनी थी, पर अभी तक इस समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट राज्य शासन को नहीं दी है। समिति कब तक अपनी रिपोर्ट देगी इसकी समय सीमा भी तय नहीं है।

### श्रम सम्मान की 4 हजार रुपये वृद्धि अब तक लागू नहीं

नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को वर्तमान में कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान ठेकेदार के माध्यम से होता है। यह हर माह नियमित रूप से नहीं होने से इन कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूववर्ती कांग्रेस शासन काल में 1 साल पहले इन कर्मचारियों के लिए 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि वृद्धि करने की घोषणा के बाद इसे लागू किया गया, पर नगरीय निकाय को छोड़कर बाकी अन्य विभागों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी आज तक श्रम सम्मान 4 हजार वृद्धि की गई राशि से वंचित हैं।

# गर्मी में इस बार खपत को नहीं लगा 65 सौ मेगावाट का करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को इस बार गर्मी में बिजली की खपत 65 सौ मेगावाट तक जाने का अनुमान था। इसे देखते हुए ही कंपनी ने बिजली की व्यवस्था की थी। सेंट्रल सेक्टर के एक हजार मेगावाट अतिरिक्त की भी डिमांड करके रखी थी, लेकिन जहां तक गर्मी में खपत का सवाल है तो भीषण गर्मी से पहले जरूर मार्च में खपत 63 सौ मेगावाट के पार गई, लेकिन इसके बाद खपत छह हजार मेगावाट से कम ही रही। इस बार अनुमान के मुताबिक खपत का नया रिकार्ड नहीं बन सका। इस समय खपत सामान्य समय में 45 सौ मेगावाट के आसपास और पीकऑवर में 52 सौ मेगावाट के करीब हो रही है।

- मार्च में खपत 63 सौ मेगावाट के पार गई, बाद में छह हजार मेगावाट से कम रही

प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब इसकी खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता।




### फरवरी से अप्रैल तक खपत ज्यादा

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही फरवरी और मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकार्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई। इसके बाद मार्च और अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार रही।

### नहीं बना नया रिकॉर्ड

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रहा था कि इस बार खपत 65 सौ मेगावाट का एक नया रिकार्ड बना देगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट की अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ।

# सरोना के ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्टडी कर एम्स के छात्र ने जीता पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कालेज पुणे में आयोजित दो प्रतियोगिताओं में एम्स के चिकित्सा छात्रों ने पुरस्कार जीता है। पहला पुरस्कार सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की भौगोलिक स्थिति पर हुए अध्ययन के आधार पर मिला है। दूसरा पुरस्कार प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में प्राप्त हुआ है।

एएफएमसी द्वारा जलवायु में परिवर्तन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें एम्स के कम्यूनिटी एंड फैमिली मेडिसिन के पीएचडी छात्र डॉ. हनी शर्मा और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला को ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। टीम ने रायपुर में सरोना स्थित डंपसाइट का जियोग्राफिक इंफोरमेशन और गूगल अर्थ इंजन की मदद से अध्ययन किया है। इससे वेस्ट मैनेजमेंट में काफी मदद मिल सकेगी। इस अध्ययन की मदद से भविष्य में इस प्रकार की भूमि का विस्तृत अध्ययन कर उससे वातावरण के संरक्षण में मदद ली जा सकेगी। डॉ. शर्मा यह शोधकार्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा रुइकर के निर्देशन में कर रहे हैं। स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के डॉ. रविचंद्रा सीवी और डॉ श्रीपाल चौधरी की टीम ने देश के 27 चिकित्सा संस्थानों की टीम के साथ क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने विजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

- एएफएमसी पुणे में स्पर्धा, दो इनाम एम्स के खाते में

## मांगों को लेकर धरना स्थल तूता में जुटे कर्मचारी

# सोसाइटी के लिए सूखत का प्रावधान न करने पर धान खरीदी का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपनी तीन लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। कर्मचारी संघ ने कहा कि पिछले साल अप्रैल, नई सरकार बनने के बाद फरवरी और जून में इस संबंध में ज्ञापन दिया था। अब तक उनके मांगों पर कोई पहल नहीं की गई है। संघ का कहना है कि 2024-25 की धान खरीदी नीति में सोसाइटियों के सूखत का प्रावधान किया जाए। ऐसा नहीं किए जाने पर धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा।

मांगों के लंबित होने के कारण प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में 13 हजार से अधिक कर्मचारियों में असंतोष है। सहकारी संघ की प्रमुख मांगों में प्रदेश की समितियों को 5-5 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। धान परिवहन के बाद आने वाली सूखत की राशि की भरपाई शासन द्वारा किया जाए। समितियों के कमीशन से यह राशि न काटी जाए। साथ ही जीरो शार्टेज की राशि में भी कटौती न की जाए। अधिक समय तक केंद्र में धान रखे



जाने पर समितियों पर अतिरिक्त सुरक्षा और प्रासंगिक व्यय आता है, उसकी राशि सभी समितियों को प्रदान की जाए। सूखत के लिए समिति के कर्मचारियों पर की जाने वाली कार्रवाई न की जाए। संघ का कहना है कि 2024-25 के धान खरीदी नीति में सोसाइटी के लिए सूखत का प्रावधान किया जाए।

### विधायक पुरंदर मिश्रा को दिया ज्ञापन

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन की मांगों के लिए नया रायपुर के तूता में धरना कार्यक्रम में ऑल इंडिया कोआपरेटिव बैंक इम्प्लॉयिस फेडरेशन के राष्ट्रीय उप महासचिव छत्तीसगढ़ को-आपरेटिव बैंक एम्प्लाई फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश व्यास, रायपुर जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय ने शामिल होकर उनकी मांगों का समर्थन किया।

# पीएम ने कहा- दुनिया के सभी घरों के डायनिंग टेबल पर हो कोई न कोई भारतीय खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मंगलवार को आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 23.59 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 483.85 करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा, भारत के किसानों को विभिन्न कृषि उत्पादों का उत्पादन करना चाहिए। दुनिया के सभी घरों के डायनिंग टेबल पर भारतीय खाद्यान्न का कोई न कोई खाद्यान्न उत्पाद होना चाहिए, तभी इस देश के किसान को उन्नत किसान कहा जा सकेगा।

- किसान सम्मान निधि : छत्तीसगढ़ के 23.59 लाख किसानों के बैंक खातों में 483.85 करोड़ रुपए अंतरित

वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, कृषि निर्यात में और वृद्धि हो ऐसे कदम भविष्य में उठाये जाएंगे। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए आगे कदम बढ़ाना चाहिए। किसानों के सम्मान बढ़ाने और आय को दोगुनी करने के लिए सरकार निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रही है। किसान, मजदूर, नारी-शक्ति और गरीब भारत के मजबूत आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, खेती को नई दिशा देने में महिलाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। कृषि सखी के रूप में खेती को एक नई ताकत देने के लिए पूरे देश के महिला समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के 3 करोड़ से अधिक परिवारों को नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। आने वाले दिनों में इन परिवारों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसी तरह 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के तहत देश की 3 करोड़ महिलाओं को करोड़पति दीदी बनाने की पहल शुरू हो गई है।



**जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन :** कृषि विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जैविक कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मृदा एवं फसल प्रबंधन और उद्यानिकी फसलों के बारे में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

### अब किसान जैविक खेती की ओर बढ़ रहे- बृजमोहन

राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि और किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रदेश में अब किसान जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। जैविक खेती से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होगा अपितु खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। किसानों को अब सिर्फ धान की फसल ही नहीं अपितु वर्षभर आय देने वाली फसल दलहन, तिलहन, फल-फूल, हार्टीकल्चर, मोटे अनाज और औषधि फसल को भी व्यापक रूप में बढ़ावा देना चाहिए।

## पेज 9 के शेष

### छत्तीसगढ़ शिक्षक ...

बेमेतरा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, शासकीय उच्च माध्य विद्यालय बावामोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम बहेरा (कुसमी), पोस्ट बावामोहतरा (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरी (बेमेतरा), जिला परियोजना आजिविका महाविद्यालय, चोरमट्टी (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय जेवरा, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय कठियां रांका बेमेतरा, प्रेरणा विद्यालय, कठिया बेमेतरा, शासकीय हाई स्कूल लोलेसरा, शासकीय माध्यमिक स्कूल, पिकरी बेमेतरा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय बेमेतरा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बेरला, शासकीय नवीन कॉलेज बेरला, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेरला, शासकीय उ.मा. विद्यालय सरदा तहसील-बेरला जिला बेमेतरा सम्मिलित हैं। **मोबाईल, कैल्कुलेटर व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर प्रतिबंध:** परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापमं से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

### घर घुसकर महिलाओं ...

धमक गया। परिजनों पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। घटना में रामाधार के दो पुत्रों तथा उनकी पत्नी धन्नी बाई को गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज स्थानीय सामुदायिक केन्द्र में किया गया। घटना से घबराए रामाधार के पूरे परिवार के साथ धन्नी सिन्हा ने थाना पहुंचकर आरोपियों बुधारू मेहर, हंशाराम, भैयाराम,आकाश,मुकेश,महेश,अंता बाई,हंश बाई तथा ममता के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। इधर डीएसपी कौशल्या साहू के निर्देश पर आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने भादंवि की धारा 452,147,148,149,323,294 तथा 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी को न्यायालय में पेश कर दिया। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी दोनों परिवारों के बीच आपसी लड़ाई हुई थी। इस पर पुलिस ने एकपक्षीय कर्रवाई करते हुए केवल रामाधार सिन्हा के परिजनों पर मामला पंजीबध्द किया था।

## आयोजन की तैयारी को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैठक

# कैट के 3 बड़े कार्यक्रम इसी माह, 21 को योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से इस माह 3 बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया, कैट सीजी चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें 21 जून को विश्व योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन, 26 जून को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मुद्रा लोन मेला लगाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह 28 जून को भामाशाह की जयंती पर कैट के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस मनाया जाएगा।

- 26 जून को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में मुद्रा लोन मेला, 28 को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस




कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7.30 बजे से 8.30 तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। 26 जून को शाम 4 बजे से 6 बजे तक कैट के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मुद्रा लोन मेला लगाया जाएगा।

मुद्रा लोन मेला में व्यापारियों को 50 हजार रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक का लोन राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बिना किसी गांरटी के पात्रतानुसार दिया जाएगा। तकनीकी टीम द्वारा निशुल्क सहायता की सुविधा इस मौके पर व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। राष्ट्रीयकृत बैंकों की मौजूदगी में आकर्षक ब्याज दर पर स्पॉट लोन की मंजूरी कागजात पूर्ण होने पर मिल सकेगी। मुद्रा लोन मेला में अन्य लोन संबधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कैट ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि 26 जून को कैट के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने जा रहे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत आयोजित मुद्रा लोन मेला का लाभ लेकर व्यापार को आगे बढ़ाने में सहायक बनें। श्री पारवानी ने बताया, 28 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती पर पूरे देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस उत्साह के साथ मनाया जाता है।

खबर संक्षेप



## पुरूर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

**गुरूर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने के बाद बिलासपुर सांसद तोखन साहू पहली बार पुरूर पहुंचे। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने अपने निज निवास में परिवारजनों के साथ मंत्री तोखन साहू का स्वागत किया। इस पारिवारिक मिलन के दौरान पूर्व विधायक प्रीतम साहू के साथ केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुण्डरदेही बीरेन्द्र साहू, पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू के साथ-साथ भाजपा परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## बरसात से पहले कराई जा रही नालियों की सफाई



**अंडा।** बारिश शुरू होने से पहले गांव के अंदर नाली की मनरेगा योजना के तहत साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि बारिश होने पर निकासी व्यवस्था दुरुस्त हो सके। ग्राम पंचायत जंजगिरी में मनरेगा योजना के तहत गांव की नालियों की साफ सफाई की जा रही है। नालियों के सहारे ही खेतों तक पानी पहुंचता है। फिलहाल नालियों से पानी का बहाव नहीं हो रहा है, क्योंकि उनमें जगह-जगह कचरा जमा हुआ है। बारिश के मौसम में जब गांव से होकर बरसाती पानी बहता है, तो नालियों से ही बहाव होता है। बारिश के मौसम पानी का बहाव उचित ढंग से हो सके, इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत नाली की साफ-सफाई कराई जा रही है। ग्राम पंचायत जंजगिरी की सरपंच रेखा-अजय चतुर्वेदी ने बताया कि गांव की कोई भी नाली नहीं छूटेगी, सभी नालियों की मनरेगा के तहत कराई जा रही है।

## अभी भी परेशान कर रही चिलचिलाती धूप व गर्मी



**बालोद।** सुबह से शाम तक चिलचिलाती धूप से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। 15 और 17 जून को बारिश होने से लोग बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जता रहे थे, लेकिन यहां मौसम बदलते देर नहीं लगती। वर्तमान स्थिति यह है कि अभी भी तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं। वहीं, शाम और रात होते ही अचानक तेज हवाओं के साथ बादल छाए रहने से झमाझम बारिश की संभावना रहती है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। बुधवार को चिलमिलाती धूप में कुछ छात्राएं पैदल कॉलेज जाती दिखीं, जो धूप से बचने अपने चुनरी का सहारा लेती नजर आईं। हालांकि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान में भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

विरोध : भाजपा विधायक दीपेश ने नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे किसान व ग्रामीण

# सरदा में स्टील प्लांट का विरोध, एकजुट हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





■ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पंज आयरन फैक्ट्री निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की

सरदा और आसपास के किसानों ने सैकड़ों की संख्या में कलेक्टर दफ़्तर पहुंचकर स्टील और स्पंज आयरन प्लान्ट का विरोध किया। इसे लेकर बुधवार को किसान संगठन के अध्यक्ष सुरीत साहू के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर रणवीर शर्मा को ज्ञापन सौंपकर स्पंज आयरन फैक्ट्री में चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाकर फैक्ट्री बंद कराने की मांग की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक दीपेश साहू ने बताया कि आज सरदा और आसपास के किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्टील और स्पंज आयरन प्लान्ट का विरोध किया। दीपेश साहू ने कहा कि प्रदूषण वाले प्लान्ट लगने के बाद यहाँ के लोगों को बीमारी के साथ जिन्दगी गुजारनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बेमेतरा विधानसभा कृषि प्रधान क्षेत्र है। बेमतरा जिला बनने के बाद यहाँ के किसानों ने हमेशा जिले में प्रदूषण मुक्त फुड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की माँग की है । विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज बेमेतरा और बेरला क्षेत्र के जितने भी किसान भाई हैं वह एक किसान संगठन बनाकर कलेक्टर दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर ग्राम सरदा में बन रहे स्पंज आयरन प्लांट में चल रहे निर्माण कार्य में रोक लगाकर फैक्ट्री नहीं खोलने की मांग की। विधायक साहू ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरदा में मेसर्स राइस इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के निर्माण के लिए एनओसी दी गई थी। इसके बाद कंपनी बनाने का काम शुरू हो गया था और उसी समय क्षेत्र के किसान भाइयों ने इनका पुरजोर विरोध किया था और पर्यावरण विभाग द्वारा रखी गई जनसुनवाई में 100 प्रतिशत ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करवाया था। उसके बावजूद एनओसी देकर सरदा में स्पंज आयरन स्टील प्लांट का निर्माण कर शुरू हो गया और आज भी निर्माण कार्य चल रहा है जिसको लेकर क्षेत्र की आम जन मानस में भारी आक्रोश है। इस दौरान किसान संगठन के अध्यक्ष सुरीत साहू बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष यशवंत वर्मा , मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल गौकारण साहू ,पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल सूर्यकान्त साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन, पोषण वर्मा, रेवा राम निषाद, मोंटी साहू , धर्मेश साहू ,छत्रकुमार देवांगन, निखिल साहू योगेश वर्मा, डॉ विनय साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, राहुल साहू, बिमलेश निषाद, तुषार साहू ,ओमकार साहू ,परमेश्वर साहू, नीतू कोठारी, नीलू राजपूत विकाश तम्बोली हर्षवर्धन तिवारी, डोसन साहू गोलू कोशले सहित कई गावों के आम जनमानस सरपंच क्षेत्रवाशी ग्रामवाशी जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

### कृषि प्रधान जिला है बेमेतरा, यहां कृषि आधारित उद्योग लगना चाहिए : दीपेश

विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा जिला किसान का क्षेत्र है और कृषि प्रधान जिला है तो मुझे नहीं लगता कि क्षेत्र में स्पंज आयरन स्टील प्लांट लगे।ये क्षेत्र की आम किसान आम जनता की यह मांग रही है कि यहां कृषि आधारित उद्योग लगाए जाएं, जिससे किसानों को फायदा हो। इसलिए जो सरदा में आयरन स्पंज प्लान जो लग रहे हैं, उसके विरोध को लेकर आज क्षेत्र की किसान और ग्रामीणों के साथ कलेक्टर दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर प्लांट में चल रहे निर्माण कार्य में रोक लगाकर फैक्टी नहीं लगाने की मांग की।

श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने मुझे जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है, तो मैं भी एक किसान परिवार से हूं। इसलिए एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं उनके साथ क्षेत्र के किसानों के साथ सदैव खड़ा हूं। इस प्रकार की आयरन स्पंज प्लांट नहीं लगाना चाहिए जिससे न तो क्षेत्र के किसानों की जमीन बर्बाद हो और न ही किसान परेशान हों।

## राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल स्पर्धा में बेमेतरा जिले का रहा दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

■ हसदा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन रायपुर द्वारा 8 व 9 जून 2024 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से बालक वर्ग में 10 जिलों व बालिका वर्ग में 7 जिलों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वही बेमेतरा की बालक जूनियर टीम तथा बालिका जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में तीसरे स्थान हासिल किया तथा बालिका की जूनियर टीम ने दूसरे स्थान हासिल किये। बेमेतरा जिले के बालिका टीम की कप्तान दुलेश्वरी धीवर ग्राम हसदा का चयन छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल के राष्ट्रीय टीम के लिए हुआ हैं । फुटबॉल रग्बी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 जून तक पुणे महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी। दुलेश्वरी धीवर के छत्तीसगढ़ फुटबॉल रग्बी के राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर छत्तीसगढ़ टच रग्बी के अध्यक्ष लोकेश्वर राव, बेमेतरा टच रग्बी के सचिव पंकज कुमार वर्मा, सह-प्रशिक्षक आकाश वर्मा ने खिलाड़ियों का उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के प्राचार्य दुष्यंत कुमार परगनिहा ने भी शुभकामनाएं दी।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने हीट एंड रन मोटर एक्सीडेंट मामले में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



उच्चतम न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) एवं राजासीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय अनुसार द कम्पनसेशन टू विक्टम ऑफ हीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट 2022 के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में नीलिमा सिंह बघेल प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला अन्तर्गत जेलों की वर्तमान क्षमता भविष्य के मांगों के आधार पर जिलों में नयी जेलें स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण, लंबित परियोजना सहित अन्य जरूरतों की समीक्षा तथा खुली जेल का निरीक्षण के संबंध में चर्चा की। इसके अलावा पीड़ित पक्षकार की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन पेश करने की प्रकिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दिए।

साथ ही क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफ.ए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी (एफ.ए.आर.) की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करेगा और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया। उक्त बैठक में निधि शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति रही।

## कांग्रेस नेता राहुल के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े के नेतृत्व में राजीव भवन बालोद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बालोद जिला युवा कांग्रेस के युवाओं ने रक्तदान किया। अध्यक्ष प्रशांत ने कहा कि देश के 140 करोड़ जनता की आवाज हमारे नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज रक्त की कमी को देखते हुए कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जिस तरह से त्याग, तपस्या का संकल्प लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाकर सभी वर्ग के आम जनता से उनका दुख, दर्द समझने का काम किया है और लोगों के साथ बैठ कर उनके समस्याओं को समझा है आज देश की जनता ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, महासचिव अंचलप्रकाश साहू, विधान सभा अध्यक्ष संदीप साहू, उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनिश पारकर, अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष फैज बक्श, वैभव शर्मा,

## अंडा में हुआ गायत्री महायज्ञ, दी गई आहुतियां

### मां गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

माता गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ अंडा में सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में गायत्री शक्तिपीठ के डॉ एनके सिन्हा ने संबोधित कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा के महाप्रयाण दिवस पर उनके संकल्पों को निरन्तर पूरा करने प्रतिवर्ष गायत्री शक्तिपीठ ग्राम गाँधी नगर अंडा में यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा पर्व में यज्ञ में आहुतियां दी गई। आचार्य शर्मा 2 जून 1990 को महाप्रयाण कर सूर्य में एकाकार हो गए थे। बीते कई वर्षों से उनके संकल्पों को पूरा करने के लिए गायत्री शक्तिपीठ गाँधी नगर अंडा में प्रतिवर्ष यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऋषि भागीरथ ने दिवंगत आत्माओं की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या कर मां गंगा को स्वर्ग से धरती पर अवतरित किया था। उसी प्रकार आचार्य श्रीराम शर्मा ने गायत्री मंत्र की अद्भुत, अकल्पनीय कठोरतम तप 24, वर्षों तक लगातार कर ज्ञान की गंगा को धरती पर राष्ट्र एवं विश्व कल्याण के लिए प्रवाहित किया है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा हिमालय से भी ऊंचे और सागर से भी गहरे विराट व्यक्तित्व थे। उनका विराट व्यक्तित्व एक विशाल छतरी की तरह है, जिसके नीचे सभी शीतल छाया पा सकते हैं।

## परपोड़ी में राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण विकासखंड साजा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलेश कुमार चंद्रवंशी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भेखदास बघेल के मार्गदर्शन में 19 से 24 जून तक परपोड़ी जोन में सेजेस परपोड़ी में संचालित है। दूसरे चरण की प्रथम दिवस की कार्यशाला में थलज कुमार साहू, व्याख्याता डाईट बेमेतरा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस प्रशिक्षण में थलज कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य और पूर्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए शिक्षण और प्रशिक्षण में अंतर बताये और अकादमिक विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण की आवश्यकता क्यों है इस विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही प्रशिक्षण में सीखे नवाचार को छात्रों तक शत प्रतिशत लागू करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक मन्नू लाल साहू, डी आर जी द्वारा एनसीएफ-एफएस 2022 अंतर्गत भाषा शिक्षण के लिए सुझाए गए संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति व चार ब्लॉक मॉडल पर विस्तृत चर्चा किया गया। डी आर जी डोगेन्द्र कुंजाम द्वारा भाषा शिक्षण की रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में डी आर जी सूरज कुंजाम द्वारा मौखिक भाषा विकास को समझाया गया तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से डी आर जी हुमा नाज द्वारा एनईपी 2020 पर प्रकाश डाला गया।

ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण में साजा विकासखंड के 15 संकुल के 59 शालाओं के शिक्षक शामिल थे। इस संबंध में मन्नू लाल साहू डीआरजी द्वारा बताया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सह प्रशिक्षण प्रभारी सरोज कुमार यदु, तीर्थ कुमार साहू, अजय सिंह राजपूत, कुम्भलाल वर्मा, रामकुमार पाल एवं श्रीराम साहू उपस्थित रहे।

जनसामान्य में योग व आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने की पहल

# पतोरा में रोग के अनुसार करवाया जा रहा योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत पतोरा में 17 जून से 21 जून तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनसामान्य में योग व आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने तथा जीवनशैली में परिवर्तन कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के उद्देश्य से संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुश कुमार साहू के नेतृत्व किया जा रहा है।

इस शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा की योगाचार्य सूर्यकिरण साहू जो आयुष मंत्रालय दिल्ली द्वारा सम्मानित हैं, द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पतोरा में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही उनका लाभ बताया जा रहा है। डॉ कुश साहू ने बताया इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वयं व समाज के लिए योग है। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़, अनियमित दिनचर्या व तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण अनेक रोग जैसे बी पी, शुगर, थायराइड, मोटापा, पाचनतंत्र संबंधी रोग, चर्मरोग, महिलाओं संबंधी रोग, मनोरोग आदि हो रहे हैं। नियमित योगाभ्यास व जीवनशैली में सुधार कर इन रोगो से बचा जा सकता है। शिविर में योगाचार्य सुर्यकिरण साहू द्वारा रोग विशेष में लाभकारी योगासनों का अभ्यास करवाया जा रहा है। मधुमेह के लिए मण्डुकासन, वक्रासन, नौकासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन साथ में नाड़ी शोधन, कपालभाति प्राणायाम। थायराइड के लिए मत्स्यासन, सेतुबंध, हलासन, सर्वांगासन, ग्रीवासंचालन व साथ में उज्जायी, भ्रामरी प्राणायाम। मोटापा के लिए सूक्ष्म व्यायाम, जंपिंग, नौकासन, उत्तानपादासन, पश्चिमोत्तानासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन चक्की चालन साथ में अनुलोम विलोम कपालभाति प्राणायाम। एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने हेतु ताड़ासन, वृक्षासन, गरूड़ आसन व साथ में नाड़ी शोधन, भस्त्रिका, भ्रामरी व ऊं उच्चारण प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया जा रहा है।

### प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने काढ़ा व अंकुरित अनाज वितरित

शिविर स्थल पर प्रतिदिन प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने रोग प्रतिरोधक काढ़ा व अंकुरित अनाज जैसे चना, मूंग, फल्ली का वितरण किया जा रहा है। योग शिविर को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शिविर के सफल संचालन हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिर टकसींवा के कर्मचारी दिगंबर निकोड़े होरी लाल यादव बुधराम पाटिल व ललिता सिन्हा, मनीषा साहू, सुशील साहू सभी भरपूर सहयोग दे रहे हैं।



